newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३७ | २ से ८ अक्टुबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय

संपादक सीमा गुप्ता

कानून का शिकंजा

उज्जैन में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और खून से लथपथ हालत में उसके सड़कों पर भटकने की झकझोर देने वाली घटना ने निर्भया मामले की याद ताजा कर दी। ऐसा लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिहाज से आज भी कुछ नहीं बदला है। बारह साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया गया। वह अपने तन को ढंकने की कोशिश करती हुई मदद के लिए रात के अंधेरे में आठ किलोमीटर तक उज्जैन के गली-मोहल्लों में भटकती रही। आखिरकार खून ज्यादा बह जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। उसके आंतरिक अंगों को गहरी चोट पहुंचाई गई थी। डाक्टरों ने इलाज कर उसे बचा तो लिया है, लेकिन अभी उसकी हालत स्थिर है। यह घटना उस मासूम के साथ हुई है, जो उस शहर की भाषा भी नहीं समझती, अपना दर्द किसी से साझा नहीं कर सकती। पीड़ित बच्ची दूसरे राज्य की बताई जा रही है। वह यहां कैसे पहुंची, यह भी जांच का विषय है। कहीं मामला बाल तस्करी या बच्चा चोरी से जुड़ा तो नहीं है। सरकार ने इसके लिए विशेष जांच दल बना दिया है। घटना सोमवार तड़के तीन से पांच बजे के बीच की है। दो तिपहिया वाहनों में उसके साथ ज्यादती होने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने तीन तिपहिया चालकों को हिरासत में लिया है। उम्मीद है कि आगे की कार्रवाई होगी और दोषी कानून के शिकंजे में कसे जा सकेंगे।

शेष पृष्ठ ३ पर

मोटरसाइकिल चुरानेवाले आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

जेकेएस संवाददाता

वसई : मोटरसाइकिल चोरी करने वाले चोर को नालासोपारा पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा की टीम ने गिरफ्तार करके २ लाख से अधिक का माल जप्त करते हुए ५ अपराधों का खुलासा किया है। मिली जानकारी के अनुसार, नालासोपारा थाने के सीनियर पीआई विजय सिंह बागल व अपराध पीआई सचिन कोतमिरे के नेतृत्व मे सपोनि पंडीत मस्के व अमोल तलेकर की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि २१ सितंबर की रात्रि में शिकायतकर्ता विनोद जयदेव दास ने एक्टिवा मोटरसाइकिल क्र.एमएच ४८-बीआर ४५२८ गाड़ी नालासोपारा-पश्चिम के चक्रेश्वर तालाब स्थित खड़ी की थी। इस बीच अज्ञात चोर ने उपरोक्त मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए। इस मामले में शिकायतकर्ता विनोद ने नालासोपारा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर कलम ३७९ के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई थी। पुलिस ने गुप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर एक आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी से गहन पूछताछ करने पर पता चला कि उसने पिछले कुछ दिनों में नालासोपारा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में चार मोटरसाइकिलें चोरी की थी। पुलिस ने चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद कर लिया है। आरोपी के पास से नगदी सहित कुल मिलाकर २,१५,३०० रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पांच मामलों का पर्दाफाश हुआ है।

घर में सेंधमारी करके चोरी करनेवाले आरोपी गिरफ्तार

जेकेएस संवाददाता

भायंदर. मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत भायंदर प. के उत्तन सागरी पुलिस थाने के डिटक्शन ब्रांच की टीम ने २ ऐसे शातिर सेंधमार चोर को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सेंधमारी के ५ अपराधों को अंजाम दिया था. गिरफ्तार किए गए चोर अतुल कंठीराम कांबले व अकबर तोफाज शेख हैं. उत्तन सागरी पुलिस के अनुसार इस्टेट एजेंसी का व्यवसाय करने वाले अमय सुशील पटनायक ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि १७ से २१ सितंबर के बीच येडु कंपाउंड -२, रॉयल स्कूल के पास, धावगी रोड, उत्तन में घर की खिडक़ी तोडक़र घर में रखे टीवी, पानी मीटर और नगद सहित २२ हजार रुपए मूल्य की सामग्री अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है. सहायक पुलिस निरीक्षक दत्तात्रय सोनवलकर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और पुलिस रिकॉर्ड की जांच कर दोनो सेंधमार चोरों की शिनाख्त की.

सरकार के पास हर प्रॉजेक्ट का रिव्यू करने का हक है

जेकेएस संवाददाता

मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कडी फटकार लगाई है। कोर्ट ने यह फटकार सरकार को ब्लैकेट ऑर्डर के जरिए जिला स्तर पर चल रहे डिवेलपमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट पर रोक लगाने के लिए लगाई है। आदेश जारी करने के तरीके से नाराज कोर्ट ने कहा है कि यह तरीका संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है। यदि ऐसा होगा तो गर्वनेंस का क्या होगा ? चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय व जस्टिस आरिफ डॉक्टर की बेंच ने राज्य के डिवेलमेंट प्रॉजेक्ट पर रोक लगाने से संबंध में मुख्य सचिव के आदेश को रद्द करने के संकेत दिए है। एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्य सचिव ने २३ जुलाई २०२२ को प्रदेश के अलग-अलग विभागों के मार्फत चल रहे ऐसे प्रॉजेक्ट पर रोक लगा दी थी। रोक लगाने के पीछे प्रॉजेक्ट की समीक्षा करने का तर्क दिया गया था। 'आदेश जारी करने का तरीका सही नहीं : वेंच ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार के पास हर एक प्रॉजेक्ट की समीक्षा करने का अधिकार है, लेकिन इस मामले में जिस तरीके से मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया, वह संविधान के खिलाफ है। वेंच ने कहा कि प्रॉजेक्ट की समीक्षा के वाद यदि कोई खुद को प्रभावित महसूस करता है तो उसे निश्चित तौर पर कोर्ट आने का अधिकार है। हम उसे अदालत आने की स्वतंत्रता देगे। राज्य के महाधिवक्ता विरेंद्र सराफ ने कहा कि सरकार के पास हर प्रॉजेक्ट का रिव्यू करने का हक है। समीक्षा के बाद कई जगहों पर रोक को हटाया भी गया है। उन्हें इस मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया जाए। इस पर वेंच ने केस की सुनवाई को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया। इस शासनादेश के खिलाफ शिवसेना (ठाकुरे गुट) विधायक भास्कर जाधव सहित ६० से अधिक याचिकाएं दायर की गई हैं। उनमें दावा किया गया है। कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मौखिक आदेश पर मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया है। औरंगाबाद से विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जो विधायक सत्ताधारी दल के साथ नहीं आए। उन्हें परेशान करने के लिए जानबूझकर उनके जिले में चल रहे प्रॉजेक्ट को रोका गया है। वहीं विधायक जाधव की ओर से पेश ऐडवोकेट सिद्दार्थ मेहता ने कहा कि मुख्य सचिव का आदेश पूरी तरह से मनमानीपूर्ण है। आदेश में स्पष्ठ कारणों का उल्लेख नहीं है। इसलिए इस आदेश को रद्द किया जाए।

स्कूलों में पोषण आहार की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं को मनपा ने नहीं किया भुगतान

जेकेएस संवाददाता

भायंदर. मीरा भायंदर मनपा के स्कूलों में पोषण आहार के रूप में मिड डे मिल की आपूर्ति करने वाली ३ संस्थाओं को पिछले १५ माह से राज्य सरकार द्वारा उनके बिल का भुगतान नहीं किए जाने की बात सामने आई है. इसके बावजूद ठेका प्राप्त संस्थाओं द्वारा नियमित निर्धारित सभी मनपा स्कूलों में पोषण आहार की पूर्ति करने की बात संस्था के पदाधिकारियों ने बताई है. इसके बाद पोषण आहार आपूर्ति का ठेका जिन ३ संस्थाओं को दी गई है, उनके पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने उन्हें १५ माह से बिल का भुगतान ही नहीं किया है. वर्तमान में मीरा भायंदर मनपा के ३६ स्कूल हैं, जिनमें मराठी, हिंदी, गुजराती, उर्दू माध्यम के करीब ९ हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. इन स्कूलों में मिड डे मिल आपूर्ति करने का ठेका मुंबई कोंकण महिला सहकारी संस्था, सप्तशृंगी महिला सेवा सहकारी संस्था और ओम शक्ति महिला सहकारी संस्था ऐसे ३ अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को दिया गया है. काशीमीरा के माशा चा पाडा में स्थित मनपा स्कूल क्रमांक-११ में विद्यार्थियों को निम्न दर्जे का 'मिड डे मिल दिए जाने की शिकायत शिवसेना (यूबीटी) के शाखा प्रमुख नरेंद्र उपरकर ने मनपा आयुक्त संजय काटकर से की थी. इसके बाद मनपा की शिक्षण अधिकारी सोनाली मातेकर ने मिड डे मिल की आपूर्ति करने वाले ठेका प्राप्त संस्थानों को नोटिस जारी कर इस संबंध में खुलासा मांगा था. संस्थाओं को मिड डे मिल आपूर्ति के लिए प्रति विद्यार्थी पहली से चौथी तक के ४ रुपए ७५ पैसे और ५वीं से ७वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ६ रुपए २५ पैसे के हिसाब से राज्य सरकार बिल का भुगतान करती २६ है. इसके अलावा राज्य सरकार इन संस्थाओं को सिर्फ चावल ही मुफ्त में देती है, जबकि संस्थाओं को इस रकम से ही दाल, चावल, दाल खिचडी, उसल-भात, पुलाव, मसाला भात से अलग-अलग दिन अलग-अलग प्रकार के पोषण आहार स्कूलों में आपूर्ति करनी पडत़ी है. वहीं जुलाई २०२२ से इन संस्थाओं को अभी तक राज्य सरकार द्वारा बिलों का भुगतान नहीं किया गया है. पोषण आहार के लिए राज्य सरकार से हमे सिर्फ चावल दी जाती है. इसके अलावा दाल, टमाटर, कांदा, तेल, मसाला के अलावा रसोई गैस सिलेंडर सब हमे ही खरीदना पडत़ा है. इन सब के दाम भी लगातार बढ़ते घटते रहते हैं, फिर भी हम नियमित पोषण आहार की पूर्ति करते हैं. विद्यार्थियों को आपूर्ति की जाने वाली पोषण आहार के बारे में कई शिकायते मिल रही थी. इसकी जांच करने पर सरकार के आदेश के अनुसार सामग्री नहीं होने की बात सामने आई, इसलिए पोषण आहार आपूर्ति करने वाली संस्थाओं को नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई ली गई और उन्हें पोषण आहार की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया गया है.

गैरेजवाले मचाते है सड़कों पर कोहराम, जनता होती है परेशान

जेकेएस संवाददाता

मीरा-भाईंदर : एक तरफ मीरा-भाईंदर मनपा शहर में सौदर्यीकरण कार्यों पर करोडो रुपये खर्च कर रही है और बडे. पैमाने पर जागरूकता अभियान चला रही है, तो वहीं दूसरी तरफ शहर के हर नुक्कड.और प्रमुख सडक़ों पर खुले गैराज 'स्वच्छता अभियान' और शहर की सुंदरता को खराव कर रहे हैं। आलम यह है कि २०० वर्ग फीट की दुकान में गैराज चलाने वाले खुलेआम ५००-१००० फीट सडक़ पर कब्जा जमाए बैठे हैं। वाहनों के चलने की जगह पर गैराज चलाए जा रहे हैं। लोगों की शिकायतों के वावजूद मनपा कोई कार्रवाई नहीं करती। रामदेव पार्क में कई गैराज: स्थानीय निवासी सचिन बताते हैं कि रामदेव पार्क स्थित बुध्द विहार के पास कुछ गैराज है। गैराज वाले सडक़ पर खुलेआम गाडियों की मरम्मत करते है, जिससे सडक़ पर ग्रीस, ऑइल, पेट्रोल, डीजल व अन्य सामान पडा रहता है। सडक़ पर फैले ऑइल के कारण

गाडियों के फिसलने की कई घटनाएं हुई है। तपोवन विद्यालय वालासाहेब ठाकरे मैदान व अन्य परिसर में भी सडक़ पर कब्जा किया गया है. मनपा आयुक्त संजय काटकर ने इस मामले में संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि जल्ज ही कडी कार्रवाई की जाएगी, अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। शहर की स्वच्छता को खराब करनेवाले प्रतिष्टान बख्शे नहीं जाएंगे। स्थानीय नागरिक जानूराम चौधरी ने बताया कि गोल्डन नेस्ट सर्किल के पास भी कई गैराज हैं। मीरा-भाईंदर रोड पर ही एक अस्पताल भी है। इनके कारण न केवल अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को परेशानी होती है, बल्कि राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पडत़ा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शहर में २०० से अधिक गैराज हैं, लेकिन इसमें आधे से ज्यादा लोगों के पास मनपा की इजाजत नहीं है। अवैध गैराज पर ५००० रुपये का दंड लगाया जाता है, लेकिन गैराज चालकों पर असर नहीं। इनकी संख्या लगातार बढ.रही है।

शहर के विकास में मनुभाई मेहता का अहम योगदान

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर : मिरा भाईंदर शहर जब जब विकास की बात दोहराएगा तब तब मनुभाई मेहता का नाम हमेशा आएगा. शहर के विकास में मनुभाई मेहता ने कई अच्छे अच्छी इमारतों का निर्माण करके जनता को आशियाना दिया. बता दे कि मनुभाई मेहता का जन्म उनके गृहनगर महुवा की पवित्र भूमि पर मां चंद्रबेन के घर हुआ था। श्रेष्टवर्या श्री मनहरलाल बलवंतराय मेहता का पालन-पोषण उनके पिता बलवंतराय मेहता की छत्रछाया में हुआ। उन्होंने जे.वी. मोदी हाई स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। एसएससी की पढाई के बाद वह १९८० में मुंबई आये। १९८५ में वे वर्षाबेन संग परिणय सूत्र में बंधे। मनुभाई के परिवार में कुल पांच भाई और एक बहन हैं। मनुभाई के दो पुत्र हैं, रशेष मेहता और विशाल मेहता। सबसे बडे.बेटे रशेष मनु भाई मेहता ने मुंबई के प्रतिष्टित भाऊसाहेब हिरे कॉलेज-बांद्रा से आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की है जबकि विशाल ने एनएम कॉलेज-विले पार्ले से बीकॉम और एस.पी.जैन कॉलेज-अंधेरी से एमबीए पूरा किया। शिक्षा के पश्चात दोनों ने अपने पिता मनहरलाल बी मेहता के सभी परियोजनाओं का प्रबंधन और प्रशासन कुशलतापूर्वक संभाला है।मुंबई में बसने के बाद, मनुभाई ने अपने माता-पिता और अपने सभी भाई-बहनों को मुंबई आमंत्रित किया और अपने व्यवसाय में रम गये। भवन निर्माता के रूप में उनकी पहली परियोजना वर्ष १९८२ में मीरा रोड में २५० इकाइयों की एक औद्योगिक परियोजना थी, जिसे 'महेश औद्योगिक एस्टेट' के नाम

से जाना जाता है। इसके बाद उन्होंने भायंदर में सालासर कॉम्प्लेक्स नामक एक पांच-बिल्डिग परियोजना तैयार की और मीरा रोड में सालासर गार्डन नामक एक परियोजना भी तैयार की जिसमें उन्होंने भव्य १२ टावर और एक रॉ हाउस का निर्माण किया। यह प्रोजेक्ट मनुभाई के लिए मील का पत्थर साबित हुआ और वह इस प्रोजेक्ट से एक बिल्डर के तौर पर स्थापित हो गए। भायंदर (पश्चिम) में इस परियोजना को पूरा करने के बाद उन्होंने 'सालासर व्रजभूमि' नामक एक बहुत बडी परियोजना विकसित की। बरसाना, नंदगांव, गोकुल, गिरिराज, वृंदावन, राधा-वल्लभ, कृष्णकुंज, गोवर्धन, व्रजलीला जैसे ४५ ऊंचे टावर श्रीकृष्ण की व्रजभूमि के अनुसार बनाए गए थे, जिनमें आज भी लोग फ्लैट लेने के लिए अत्यधिक कीमत देने को तैयार हैं। इसके बाद मनुभाई ने अपने पुत्रों 'रशेष' और 'विशाल' के नाम पर उन्नत मीनारों का निर्माण किया।

शेष पृष्ठ ३ पर

एक्सीस बैंक के एटीएम चोरों ने लुटा

जेकेएस संवाददाता

वसई : नायगांव पुलिस स्टेशन अंतर्गत रश्मी स्टार सिटी क्षेत्र से रात को अज्ञात चोरों ने एक्सिस बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर एटीएम मशीन से साढ़े दस लाख रुपये नकदी लेकर फरार हो गए। चोरों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे पर काला स्प्रे मारा और उसके बाद एटीएम को गैस कटर से काटकर कर इस वारदात को अंजाम दिया है।

ATM
AXIS BANK

ज्ञात हो कि जिस जगह पर यह वारदात हुई है, उससे कुछ ही दूरी पर नायगांव पुलिस स्टेशन है। जिस रात को यह घटना हुई है, उस रात को गणेश विसर्जन था और रातभर सड़कों पर चहल–पहल थी। उसके बाद भी चोरों ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इससे पहले भी वसई–विरार में इस तरह की घटनाएं काफी हो चुकी हैं। फिलहाल, पुलिस कई टीमें बनाकर चोरों की तलाश में लगी हुई है।

बीजेपी जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने जिलाध्यक्ष नियुक्त किया सुरेश सिंह को

उत्तर भारतीयों में खुशी की लहर

जेकेएस संवाददाता

भायंदर । मीरा भायंदर बीजेपी के जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने युवा नेता सुरेश सिंह की सक्रियता और पार्टी के लिए निरंतर किए गए अच्छे कार्यों को देखते हुए उन्हें एक बार फिर से उत्तर भारतीय मोर्चा, मीरा भायंदर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सुरेश सिंह को दोबारा यह जिम्मेदारी दिए जाने से उत्तर भारतीयों में खुशी की लहर देखी जा रही है। इस बारे में पूछे जाने पर सुरेश सिंह ने कहा कि वे दी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरे मनोयोग और समर्पित भावना के साथ करेंगे। पार्टी की विचारधारा और किए गए अच्छे कार्यों को पूर्ववत उत्तर भारतीयों के बीच पहुंचाने और उन्हें भाजपा से जोडऩे का काम अनवरत जारी रखेंगे। उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी दिए जाने पर वरिष्ट समाजसेवी रत्नाकर मिश्र, एड डी के पाण्डेय, कमलेश दुबे, नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे, नगरसेवक विजय राय, रमेश मिश्र, सुशील दुबे, ओमप्रकाश सिंह, राजेश मिश्र, सुरेंद्र तिवारी , महेंद्र पाण्डेय, एड प्रमथेश शुक्ल, संदीप तिवारी, घनश्याम दुबे, अनिल सिंह, संजय मिश्र, प्रतिभा अनिल सिंह, अजीत उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, राजकुमार सिंह, जेपी सिंह, उमाशंकर सिंह, रामानंद पाण्डेय, मनीष मिश्र, एडवोकेट मनीष तिवारी, रवि तिवारी, गौरीशंकर पाण्डेय समेत अनेक प्रबुद्ध उत्तर भारतीयों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

खा गोपाल शेट्टी ने मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल को पत्र लिखा

अचार गेंद खिलाडिय़ों के लिए आरजी/ पीजी एवं निजी भूखंडों पर पिकलबॉल खेल आयोजित करने की अनुमति दे -खा.शेट्टी

संजय बोर्डे

मुंबई : पिकलबॉल एक अंतरराष्ट्रीय और देशव्यापी खेल है, लोग इसे बडे उत्साह से खेल रहे हैं और गोरेगांव के नेस्को सेंटर में लगभग तीन कार्यक्रम उद्घाटन और पुरस्कार समारोह होते हैं। जब शेट्टी उपस्थित थे, तो श्री गोपाल शेट्टी ने देखा कि युवा, मध्यम वर्ग और वरिष्ट नागरिक भी इस खेल को खेल रहेथे। इसके बाद २९ सितंबर २०२३ को ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अरविंद प्रभु ने श्री गोपाल शेट्टी को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया कि यदि मुंबई नगर निगम और निजी भूखंडों पर इस तरह के खेल की अनुमति दी जाए तो इस खेल से बडी संख्या में लोगों को फायदा होगा। और विशेषकर युवाओं के लिए। यह गेम बहुत लाभदायक है। इस पत्र के सन्दर्भ में खाइये. गोपाल शेट्टी ने ३० सितंबर को मुंबई नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल को पत्र भेजकर पिकलबॉल गेम के लिए अनुरोध किया है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह खेल शारीरिक फिटनेस बनाए रखने में बहुत फायदेमंद है क्योंकि यह छोटी जगह में और कम लागत पर आयोजित किया जाता है, और इस खेल को देखने के बाद आपको निश्चित रूप से इसका एहसास होगा। चूंकि यह खेल नेस्को जैसे व्यावसायिक स्थान पर आयोजित किया जाता है इस खेल में आम घर के सदस्य भाग नहीं ले सकते और इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि खासकर बडे-बडे फ्लाईओवर ब्रिजों के नीचे बहुत सारी खाली जगहें होती हैं। सफाईकर्मियों और अन्य आवारा लोगों द्वारा जगह का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे जनता को बहुत असुविधा हो रही है और इस परेशानी को दूर करने और खेल को बढावा देने के लिए, हम संबंधित उपायुक्तों और सहायक आयुक्तों को सभी फ्लाईओवर पुलों के नीचे पिकलबॉल खेलने के लिए विशेष अनुमति प्रदान करने का निर्देश देते हैं। जल्द से जल्द।ध एमपी शेट्टी के पत्र से खिलाडिय़ों को उम्मीद जगी है कि पिकलबॉल खिलाडी के लिए कोई न कोई रास्ता जरूर निकलेगा.

ईस्ट वेस्ट फाउंडेशन युवाओं को संस्कृतियों से जोड रहा है

भाईदर (पूर्व) में वीपी रोड पर ईस्ट–वेस्ट फाउंडेशन ३२ साल से गणेशोत्सव मना रहा है। यहां दहिसर, बोरीवली, कांदिवली तक से लोग वप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। लगभग २५ साल पूर्व यहां पर 'थीम वेस शो' का आयोजन शुरू हुआ था, जिसके वाद लोकप्रियता बढती गई। इस वार भी 'सीता माता धरती में क्यों समाई' थीम पर १२ मिनट का शो बनाया गया है। मंडल के सदस्य विनोद मेहता ने बताया कि हमारा लक्ष्य युवाओं को संस्कृति से जोड़ना है। नितिन पांडेय ने बताया कि शो की शुरुआत 'हॉन्टेड शो– आहट' की थीम पर हुई थी। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता मंडल के प्रणेता हैं।

लोकल ट्रेन में छूटे ५६ हजार रुपए नकद, आरपीएफ ने यात्री को लौटाया

रेलवे सुरक्षा बल
पोस्ट वि
WESTERN
WAY PR
PO

वसई : रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेन में छूटा पैसों से भरा बैग यात्री को सही–सलामत लौटाया है। उस बैग में ५० हजार रुपए से अधिक नकदी था। आरपीएफ ने जब यात्री को पैसे से भरा बैग वापस किया तो यात्री खुशी से झूम उठा। मिली जानकारी के अनुसार, २६ सितंबर को स्टेशन मास्टर वसई को पीडित ने बताया कि अंधेरी से विरार की लोकल ९२११९ में चर्चगेट साइड के फस्ट क्लास मे यात्री काले रंग का बैग छूट गया है। स्टेशन मास्टर ने इसकी जानकारी आरपीएफ निरीक्षक विनित कुमार विरार को दिया। विरार स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. ५ पर उक्त लोकल ट्रेन आने पर ऑन ड्यूटी कान्स, राजनेश कुमार ने लोकल ट्रेन चर्चगेट साइड का फस्ट क्लास कोच एटेंड किया तो वहां पर एक काले रंग का बैग मिला। वसई के रहने वाले पीडित मनोहर ओबरॉय अंधेरी से ३:०६ की विरार लोकल के फस्ट क्लास में यात्रा कर रहे थे। वसई रोड स्टेशन आने पर उतरते समय अपनी काले रंग की बैग ट्रेन में ही भूल गए। मनोहर ने इसकी जानकारी तुरंत वसई के स्टेशन मास्टर को दिया।

Ghar Estate
The Real Solution
Buy Sell Rent
Flats
Shops
Bungalows
Plots
Kishor Sharma
Sushil
Rajhans
9821542469
9322603964
9870282083
0/5, A-8, SHANTI VIHAR, NR.
RLY. STATION, MIRA ROAD (E),
THANE - 401 107

Manisha : 8898253578 / 9372866131
Prabha Salon
Only For Ladies
Skin | Hair | Makeup | Classes
Home Service Available
Sector-5, Shanti Nagar, C/14, Gr. Floor Room No.001, Anubhav Chs.ltd.,
Near Shiv Sena Office, Mira Road (E) Thane - 401107.

Get FIT WITH US...
COMPLETE TRANSFORMATION ACADEMY
A PREMIUM FITNESS STUDIO
- STRONG BY ZUMBA
- ZUMBA FITNESS
- YOGA
- CROSS FIT
- BOLLYWOOD FREESTYLE
- FUNCTIONAL TRAINING
- BOKWA
Contact : 93200 93208 / 90823 79684
SHOP NO.7, SHEETAL HOMES, M.T.N.L. ROAD, OPP. BASSEIN CATHOLIC BANK, SHEETAL NAGAR, MIRA ROAD (E), THANE - 401107.

Get FIT WITH US...
COMPLETE TRANSFORMATION ACADEMY
A PREMIUM FITNESS STUDIO
FITNESS CLUB
ZUMBA MIX & MATCH PACKAGE
ZUMBA dance is the best workout you can get in between your busy schedule whether you are a beginner or advanced.
WE OFFER :
ZUMBA Dance Is The Conversation Between Body & Soul.
YOGA New to yoga? Learn about where yoga come from, the mind-body benefits of yoga, different types of yoga.
CARDIO Cardio helps to get your blood pumping, strengthens your immune system.
Additional : Dance Choreography, Bootcamps, Functional And Many More.
WE TAKE PERSONAL TRAINING FOR WORKOUT & DANCE CHOREOGRAPHY.
Book for a demo & experience the vibe
ALL IN ONE
Contact : 93200 93208 / 90823 79684
SHOP NO.7, SHEETAL HOMES, M.T.N.L. ROAD, OPP. BASSEIN CATHOLIC BANK, SHEETAL NAGAR, MIRA ROAD (E), THANE - 401107.

Pramod Dubey
Govt. Auth.
Stamp Vendor
9869152957
8355987974
ANKUR STAMP VENDOR
Purchase, Sale of:
Flats, Shop & L.L. Basis
☆ Stamp Paper
☆ Revenue Stamp
☆ Court Fee Stamp
☆ Affidavit & Notary
☆ Online L. L. & Sale greement
☆ Society Documents
Office : Shop No. 06, Adeshwar Krupa, Opp. Bank of India,
Shanti Park, Mira Road (E), Dist. Thane - 401 107.
E - mail : p.dubey989@gmail.com

Jamal Shaikh
8097863035
9967248904
JK AIR COOL
Moin Shaikh
9920540025
7718940025
J.K. AIR COOL
Spl in : Refrigerator, Windows / Split Air Conditioner,
Washing Machine, Network Cooling Tower
SALES | REPAIR | PURCHASE
Annual Maintenance Contract
for AC, Fridge & Washing Machine
Shop No.6, Saidham Apt., Near Apollo Pharmacy, Stn. Road, Mira Road (E)

Dr. Anuj Garg
Medical Director
General Physician & Surgeon
Reg. No.: 73067-A-1
Priyanshi Hospital & Maternity
9867086618 / 9322086618
anujgarg.priyanshi@gmail.com
B-004, Sai Vikas Apartment,
Opp. New Petrol Pump, Sai Baba Nagar,
Mira Road (E), Thane - 401107.
Facilities
- Surgery
- Plastic Surgery
- Laproscopic Surgery
- Medicine Cardiology
- Gynaecologist & Obstetrics
- Orthopedic
- Child Specialist
- Cardiac Monitor, Oxyge
- Pathology
Emergency 24 Hours

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
MOB: 9224789797
शिखरे फुट वेअर
GENTS, LADIES, KIDS & SCHOOL SHOES
Bata FLITE Paragon sparx indus
S.04, Jay Poonam Nagar CHSL., Bhd. Deepak Hospital, Mira Bhayander Road, Mira Road (E).
Shikhare Foot Wear

Mohammed Tariq A.Q. Khan
CLASSIC HOUSING
9820461267
9820661267
Add.: Shop No. 4, B/66, Sector 1,
Shanti Nagar, Opp. TMT Bus Stop,
Mira Road (E) - 401107.
classichousin@gmail.com

UMESH
9870282073
OM SAINATH
AUTO DEAL
BUYING & SELLING OF NEW & USED
CARS VECHILE LOAN- INSURANCE
SHOP NO.3, SAI KRUPA BLDG., NEAR
PLEASANT PARK, MIRA BHAYANDER ROAD
MIRA ROAD (E), THANE - 401 107.

RAMZAN - 8779522132
8424849879
Liyakat - 8898246196
A.R. AUTO
BUY | SALE | EXCHANGE
A.R. Auto Garage

Mrs. Asha Ramesh Kohale
Cell : 9833583319
9869571122
A51700024751
OM SAI
ESTATE AGENCY
Contact for Buying, Selling, L.L. Basis of :
FLATS, SHOPS, OFFICE PREMISES
Shop No. 11, Shree Shraddha CHS. Ltd., MIG Bldg. No. 2,
MHADA Complex, Srishti, Mira Road (E), Dist. Thane-401107.

Dr. Ajay L. Dubey
Proprietor
99671 19955
91671 19955
KESHAV ESTATE CONSULTANTS
SINCE : 1998
KESHAV ESTATE CONSULTANTS
Our Moto : We Work to Fullfil Your Dream

मीरा भाईंदर में शांतीपूर्वक हुई गणपति बाप्पा की विदाई

जेकेएस संवाददाता

भायंदर: मिरा भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्र में २१२७ गणेश प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण ढंग से पारंपरिक विसर्जन किया गया तथा गणेशभक्तों ने नम आंखों से अगले बरस तू जल्दी आ की कामना के साथ बप्पा को बिदाई दी। गणेश विसर्जन को लेकर शहर में कृत्रिम प्राकृतिक तालाब गणेश प्रतिमा स्वीकृती केंद्र तथा समुद्र में सुव्यस्थित व्यवस्था मनपा आयुक्त तथा प्रशासक संजय काटकर के मार्गदर्शन में की गई, साथ ही पर्यावरणपूरक विसर्जन के क्रम में १२४ श्रीगणेश मूर्तीयों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया गया। प्रभाग क्रमांक ०१ में नैसर्गिक तालाब तथा समुंदर में कुल १७८ श्रीगणेश मूर्तीयो का विसर्जन किया गया। प्रभाग क्रमांक ०२ २१८, प्रभाग ०३ में ४९८ प्रभाग ०४ में ६१२ प्रभाग ०५ में ०९ प्रभाग ०६ में ६१२ श्रीगणेश मूर्तीयो का विसर्जन किया गया। अनंत चतुर्दशी निमित्त कुल २०६३ श्रीगणेश मूर्तीयो का भावपूर्ण विसर्जन किया गया। मिरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) ने जेसल पार्क चौपाटी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुती गायकवाड, उपायुक्त (वैद्यकीय) संजय शिंदे, शहर अभियंता दिपक खांबित, कार्यकारी अभियंता नितीन मुकणे, जनसंपर्क अधिकारी तथा सिस्टम मॅनेजर राजकुमार घरत, अग्निशमन अधिकारी प्रकाश बोराडे, सहा-यक आयुक्त जितेंद्र कांबळे, सहित कनिष्ट अभियंता, अग्निशमन कर्मचारी व महानगरपालिका कर्मचारी उपस्थित थे इस दौरान आयुक्त ने जेसल पार्क चौपाटी विसर्जन स्थल पर श्रीगणेश मूर्तिओ पर पुष्पवर्षा की. शहर के सभी विसर्जन स्थलो पर सुरक्षा की दृष्ठि से बांबू के बेरेकेटींग लगाए गए साथ ही अग्निशमन सेवक, महानगरपालिका स्वयंसेवक, वैद्यकीय आरोग्य व सार्वजनिक आरोग्य सेवा, सभी विसर्जन स्थलो पर पीने का पानी, उपलब्ध करवाया गया जबकि कानून व व्यवस्था के क्रम में पुलिस, पो सीसीटीव्ही लगाए गए. शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्था, एनएसएस, एनसीसी विद्यार्थी, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यार्थी द्वारा चौपाटी पर व्यवस्थाओं में योगदान दिया. शहर में सुव्यस्थित व शांतिपूर्ण विसर्जन को लेकर मनपा आयुक्त संजय काटकर ने अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पूर्व नगरसेवक नगरसेविका, नागरिको, गणेश मंडली तथा पत्रकारों की भूमिका को लेकर संतोष प्रकट किया है।

शहर के विकास में मनुभाई मेहता का अहम योगदान

पृष्ठ १ का शेष

इस अवधि के दौरान मनुभाई ने भायंदर में एक शॉपिंग मॉल का निर्माण शुरू किया जो उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। काफी मेहनत और मशक्कत के बाद पांच लाख वर्ग फुट में एक बडा सुसज्जित भव्य 'मैक्सस मॉल' बनाया गया जिसमें बिग बाजार, रिलायंस, मैक्स, पैंटालून, ग्लोबस, नाइके, किलर, पीटर इंग्लैंड, बाटा, क्रोमा, बेलमोंटे, स्विस पैराडाइज, स्ट्रीम इंटरनेशनल कॉल सेंटर स्पेस जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों को लीज पर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी मैक्सस मॉल में उन्होंने 'मैक्सस गेम जोन', 'मैक्सस फूड कोर्ट' का भी निर्माण किया था। २०,००० फूट के 'मैक्सस बैंक्वेट हॉल' का भी निर्माण किया। आज 'मैक्सस मॉल' व 'मैक्सस सिनेमाज' सबसे प्रसिद्ध सिनेमाघर है। १५ साल पहले 'मैक्सस मॉल' को छोडक़र मुंबई के किसी भी मॉल में एक साथ ६ मल्टीप्लेक्स स्क्रीन नहीं थे। मैक्सस मॉल को भायंदर का छठा प्रतिबंध और शान माना जाता है। इस मॉल के साथ उन्होंने 'मैक्सस' नाम से अपना खुद का ब्रांड बनाया और अंधेरी में 'मैक्सस मॉल' के नाम से एक और प्रोजेक्ट भी बनाया। इसमें पांच मल्टीप्लेक्स स्क्रीन शामिल हैं और २५,००० फीट जगह बिग बाजार को लीज पर दी गई है। यह मॉल भी काफी मशहूर हो चुका है। इन दो मॉल से मनुभाई ने 'मैक्सस सिनेमाज' नाम से एक ब्रांड बनाया, जिसके वर्तमान में भायंदर में ६ मल्टीप्लेक्स स्क्रीन और साकीनाका, अंधेरी में ५ मल्टीप्लेक्स स्क्रीन हैं। गुजरात के भावनगर में वाघावाडी रोड पर हिमालया मॉल व जूम प्लाजा मॉल गोराई-बोरीवली और में एक चार-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स थिएटर भी लॉन्च किया गया है, जिसमें चार-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स के साथ-साथ मैक्सस फूड कोर्ट और मैक्सस गेमजोन भी हैं। अंधेरी-साकीनाका में भी मैक्सस सिनेमा व गेमिंग जोन सफलतापूर्वक चल रहा है। भक्ति से परिपूर्ण, परोपकारी, मिलनसार, बुद्धिमान और स्वभाव से साहसी होने के कारण मनु भाई पर भगवान की असीम कृपा है। वह अक्सर श्रीमद् भागवत सप्ताह और अन्य धार्मिक कार्यों को आयोजन करने के साथ अनेक धार्मिक आयोजनों में मदद भी करते रहे। प्रियजनों के बीच मनहरलाल बी. मेहता प्यार से धमनु भाई मेहताध के रूप में जाने जाते थे। ओजस जीवन से परिपूर्ण सबसे मजबूत इच्छा-शक्ति के साथ उन्होंने अपने संघर्षों को आगे बढाया और न केवल अपना बल्कि निकटवर्तियों को भी समृद्ध बनाया। व्यक्तिगत लाभ और हितों से परे दूसरों की मदद करने में विश्वास किया। वह अपने परिवार के रिश्तेदारों और व्यापार सहयोगियों के लिए ताकत के स्तंभ थे। धमेरी डिक्शनरी में असंभव जैसा कोई शब्द नहीं हैध और धमैं हूं नाध ; जैसे उद्गार के साथ सभी की निराशाओं को दूर किया करते। वह अपने ज्ञात व्यक्तियों के लिए प्रोत्साहन और रक्षक के अंतहीन स्रोत थे। उनका करिश्मा और ज्ञानवर्धक व्यक्तित्व हमेशा के लिए संजो कर रखा जाएगा।

संगीतप्रेमियों को आमदार प्रताप सरनाईक ने दी सौगात, संगीत गुरुकुल की होगी स्थापना

जेकेएस संवाददाता

मुंबई : मीरा भायंदर शहर में 'भारत रत्न लता मंगेशकर संगीत विद्यालय' (गुरुकुल) का आज इसका शिलान्यास होना बहुत खुशी की बात है। यह संगीत गुरुकुल विधायक प्रताप सरनाईक की संकल्पना से बन रहा है और उनके चेहरे पर दृढ.संकल्प देखकर हमें पूरा विश्वास है कि यह संगीत गुरुकुल बहुत अच्छे तरीके से स्थापित होने जा रहा है। संगीत का प्रचार एवं प्रसार किया जाना चाहिए। लता दीदी चाहती थीं कि बच्चों से लेकर बडों तक हर कोई सभी भाषाओं में संगीत सीख सके, सभी प्रकार के संगीत, वाद्ययंत्र गायन का ज्ञान, संगीत की विभिन्न शाखाओं का प्रसार हो और खुशी है कि यह संगीत दीदी की इच्छानुसार गुरुकुल में स्थापित किया जा रहा है। विधायक प्रताप सरनाईक द्वारा उठाया गया यह काम मीरा भायंदर की तरह ठाणे में भी पूरा किया जाएगा और कला को बढावा देने के लिए वह जो काम कर रहे हैं, उसमें मंगेशकर परिवार उनके साथ है, ऐसा दिग्गज गायिका उषा मंगेशकर ने मीरा रोड में बोलते हुए कहा। मीरा भायंदर शहर में बडी संख्या में कलाकार, कला प्रेमी, संगीत प्रेमी, संगीत प्रेमी रहते हैं। भारत रत्न लता मंगेशकर की स्मृति को संरक्षित करने के लिए विधायक प्रताप सरनाईक ने उनके नाम पर मीरा भयंदर शहर में एक संगीत गुरुकुल स्थापित करने का विचार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को प्रस्तावित किया था। मुख्यमंत्री ने परियोजना को मंजूरी दी और इसके लिए धनराशि स्वीकृत की और इसकी आधारशिला आज उपा मंगेशकर और अन्य गणमान्य लोगों ने रखी। विधायक सरनाईक ने अपने भाषण में आशा व्यक्त की कि जब मीरा भायंदर का यह संगीत गुरुकुल पूरा हो जाएगा तो मंगेशकर परिवार इस पर नजर रखे और मीरा भायंदर के संगीत विद्यालय में पढऩे आने वालों का मार्गदर्शन करे. इस पर उषा मंगेशकर ने कहा कि हमें यकीन है कि विधायक सरनाईक गायन या कला को बढावा देने के लिए खडे. हैं और मुझे विश्वास है कि वह अच्छा काम करना जारी रखेंगे। वही सरनाइक ने मंगेशकर परिवार से अनुरोध किया है कि मीरा भायंदर के इस संगीत विद्यालय को गुरुकुल मंगेशकर परिवार द्वारा चलाया जाना चाहिए। इस पर उपा मंगेशकर ने कहा मैं उनका आदेश स्वीकार करती हूं विधायक सरनाईक से वादा करते हैं कि हम इस काम (मीरा भयंदर संगीत गुरुकुल को चलाने का) को जरूर बखूबी निभाएंगे। उषा मंगेशकर ने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि मीरा भयंदर में एक संगीत गुरुकुल खुल रहा है और मैं विधायक प्रताप सरनाईक की बहुत आभारी हूँ। विधायक सरनाईक मीरा भायंदर की तरह वह भी ठाणे में एक ऐसा संगीत गुरुकुल स्थापित करने जा रहे हैं। वह जहां भी कार्य हाथ में लेते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं और हम सरनाईक के साथ हैं। वे जब भी बुलाएंगे हम मंगेशकर परिवार आ जाएंगे. वे जहां भी बुलाएंगे हम उनके साथ जाएंगे। उषा मंगेशकर ने यह भी कहा कि पूरा मंगेशकर परिवार प्रताप सरनाईक के साथ इस म्यूजिक स्कूल के पहले चरण में इस पर २१ करोड.का खर्च आएगा. बेसमेंट के साथ एक मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। इस बिल्डिंग का क्षेत्रफल २३९३ वर्ग है। भवन में एक संगीत पुस्तकालय, संगीत कक्षा कक्ष संगीत अभ्यास और डबिंग कक्ष होगा संगीत विद्यालय का आकर्षक प्रवेश द्वार, पार्किंग सुविधा, भित्ति चित्र, लिफ्ट एवं अन्य आवश्यक कार्य भी किये जायेंगे। विधायक सरनाईक ने कहा कि मीरा भायंदर का यह संगीत विद्यालय राज्य सरकार के संगीत विश्वविद्यालय से संबद्ध होगा. मीरा भयंदर शहर में कई संगीत प्रेमी और उत्साही लोग हैं। बहुत से लोग संगीत की पढाई करना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इस म्यूजिक स्कूल की वजह से उन्हें मौका मिलेगा. आगे सरनाईक ने कहा, मैं चाहता हूं कि मीरा भाईंदर के इस संगीत विद्यालय से कई महान संगीतकार और कलाकार निकलें। सरनाईक ने यह भी कहा कि मीरा भायंदर के संगीत गुरुकुल को राज्य सरकार के संगीत विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा ताकि मीरा भायंदर के स्कूल में संगीत पाठ्यक्रम पढऩे वाले लोग भी यहां अपनी डिग्री प्राप्त कर सकें। इस भूमि पूजन समारोह में वरिष्ट गायिका उषा मंगेशकर सहित नगर निगम आयुक्त संजय काटकर, संगीतकार मयूरेश पई अन्य नगर निगम अधिकारी और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस भूमि पूजन के अवसर पर भारत रत्न लता मंगेशकर रंगमंच पर जीवनगाणी द्वारा निर्मित कार्यक्रम 'लतायुग' का आयोजन किया गया। सुबह १० बजे से लता मंगेशकर का लोकप्रिय हिंदी-मराठी गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरा थिएटर खचाखच भरा हुआ था।

कानून का शिकंजा

पृष्ठ १ का शेष

मगर क्या उन सवालों के जवाब मिल पाएंगे, जो निर्भया कांड के समय उभरे थे और फिर बड़े-बड़े वादों की चादर में ढक दिए गए थे। उस समय ऐसा लग रहा था कि समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली यह आखिरी घटना होगी, लेकिन उसके बाद दिल्ली, कठुआ, पटना समेत कई जगहों पर बच्चियों के साथ सिहरा देने वाली घटनाएं हुईं। सिलसिला बदस्तूर जारी है। समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रपट के मुताबिक कई कड़े कानून बनने के बावजूद पिछले दस वर्षों में महिलाओं के साथ अपराधों में सतासी फीसद की वृद्धि हुई है। निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म की घटनाएं रोकने के लिए पाक्सो कानून बना। नाबालिगों के संरक्षण का यह सबसे बड़ा हथियार है। भारतीय दंड संहिता की धारा १८१ और १८२ में बदलाव हुआ और किशोर न्याय विधेयक पास किया गया। इसके तहत सोलह साल या उससे अधिक उम्र के किशोर को जघन्य अपराध करने पर वयस्क मानकर मुकदमा चलेगा। बलात्कार से जुड़े नियम कड़े किए गए और दुष्कर्म के दोषी के लिए फांसी की सजा जोड़ी गई। महिलाओं, विशेषकर बच्चियों के साथ बढ़ते अपराध से ऐसा लगता है कि ये सारे इंतजाम तब तक नाकाफी और बेमानी हैं, जब तक समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत नहीं होगी, लोगों में कानून का खौफ पैदा नहीं होगा तथा समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी का पक्ष मजबूत नहीं होगा। सरकार को इस तरफ गंभीरता से विचार करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले में भारत अब भी विश्व के सबसे खतरनाक देशों की सूची में क्यों है। यहां हर बीस मिनट में एक महिला बलात्कार की शिकार क्यों हो रही है। हैरानी की बात है कि इतनी देर तक पीड़ित बच्ची गली-मुहल्लों की सड़कों पर घूमती रही और उसकी मदद के लिए पुलिस कैसे नहीं आई। जब तक पुलिस नींद से नहीं जागेगी, अपराधी इसी तरह बच्चियों के साथ बेखौफ बर्बरता करते रहेंगे।

कागज और मिट्टी से बने गणपति



जेकेएस संवाददाता

भायंदर, भायंदर पूर्व के नवघर रोड पर, सुजाता शॉपिंग सेंटर के पास श्री समर्थ मित्र मंडल द्वारा स्थापित की जाने वाली मीरा न भायंदर की शान के रूप में प्रसिद्ध गणपति २९ वर्षों से भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रहें हैं. मंडल के उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने बताया की पिछले १४ वर्षों से मंडल इको फ्रेंडली गणपति मूर्ति की स्थापना कर रहा है. मंडल की स्थापना के वर्ष से ही ८ फुट की मूर्ति स्थापित की जाती है. प्रति वर्ष अलग-अलग पर्यावरण पूरक सामग्री से मूर्ति का निर्माण किया जाता है. इस वर्ष कागज और मिट्टी की लुगदी से निर्मित कच्ची मूर्ति मंडल में लाई गई थी और यहीं पर ३२,७०० चॉक (खडी) से मूर्ति को अंतिम स्वरूप देकर श्रृंगार किया गया है. गणपति मूर्ति के बैकग्राउंड में देवनागरी लिपि की वर्णमाला उकेरी गई है. अथर्व आर्ट के मूर्तिकार प्रदीप मलेकर ने इस मूर्ति का निर्माण किया है. दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता : चॉक से बनी मूर्ति के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लगातार तांता लगा रहता है और सभी के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. मंडल के अध्यक्ष गणेश वाघ और सचिव अश्विन दलवी ने बताया कि मंडल द्वारा प्रति वर्ष रक्तदान शिविर, मेडिकल कैंप और प्रतिभाशाली दसवीं बारहवीं के विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित करने जैसे सामाजिक कार्य किए जाते हैं. कोरोना काल में भी मंडल ने जरूरतमंद लोगों में खाद्य सामग्री, दवाइयां आदि का मुफ्त वितरण किया था.

आईजी, डीआईजी और एसपी के आधे पद पड़े हैं खाली

जेकेएस संवाददाता

मुंबई : केंद्र में बतौर प्रतिनियुक्ति पर आनेवाले आईपीएस अधिकारियों का तय कोटा भर पाने में प्रशासन असफल साबित हो रहा है। इस लापरवाही के कारण ही अधिकारियों को अतिरिक्त पदभार का कार्य करना पड़ता है। इसी वजह से केंद्र में प्रतिनियुक्ति को लेकर आईपीएस अधिकारी कतराते नजर आते है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ११ अगस्त २०२३ की रिपोर्ट के मुताबिक, डीजी के १५ स्वीकृत पदों में से दो खाली थे, लेकिन एसडीजी के सभी दस पद भरे हुए थे। एडीजी के २६ पदों में से केवल दो स्थान खाली थे। आईजी के १३८ पदों में से २० पद रिक्त हैं। डीआईजी के २५५ पदों में से ८६ पद रिक्त थे और एसपी रैंक के २२५ पदों में से ९५ पद खाली बताए गए हैं। सीबीआई में एसपी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत ७३ पदों में से ४२ पद खाली पड़े हैं, जबकि ३आईबी में एसपी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत ८३ पदों में से ३४ पद खाली पड़े हैं। एनआईए में भी एसपी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत ३६ पदों में से सात पद खाली पड़े हैं। एनपीए में एसपी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत १४ पदों में से ८ पद खाली पड़े हैं। हालांकि, १९ सितंबर को मुकेश सिंह आईपीएस (एजीएमयूटी १९९६) को आईटीबीपी में आईजी बनाया गया है। २१ अगस्त को राकेश अग्रवाल (पंजाब १९९९) को सीआरपीएफ का आईजी बनाया गया है। २१ अगस्त को ही पटेल पीयूष पुरुषोतम दास (गुजरात १९९८) को बीएसएफ में आईजी बनाया गया है।

शहर में स्वच्छता अभियान का दिखा जोर

विशेष स्वच्छता मोहीम

Infinix NOTE 12

Infinix NOTE 12

भायंदर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अक्टूबर को सुबह १० बजे सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए १ घंटा श्रमदान करने की अपील की है, जो कि २ अक्टूबर गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को श्रद्धंजलि हुई. इस स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत संपूर्ण देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाई जा रही है। इस अभियान के एक हिस्सा के रूप में मीरा भायंदर महानगरपालिका प्रशासन ने भी शहर के विभिन्न परिसरों में गंदगी वाले स्थानों (डर्टी स्पॉट) का सफाई की। जहां १ अक्टूबर को सुबह १० बजे स्वच्छता मुहिम के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में साफ सफाई की गई। मनपा आयुक्त प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने पत्रकार परिषद के माध्यम से इस स्वच्छता अभियान में शहर वासियों को सम्मिलित करने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने और इस सामूहिक स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर १ घंटे श्रमदान का आह्वान किया था जो सफल रहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए पहले अपना घर, अपनी सोसायटी, अपने सडक़, अपने कॉलोनी और अंत में अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए सभी यथाशक्ति योगदान करें।

सुनील केसरी ने जिला उपाध्यक्ष पदभार किया ग्रहन

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर : भारतीय जनता पार्टी मिरा भाईंदर शहर जिला अध्यक्ष श्री किशोर शर्मा जी की नई कार्यकारिणी में सुनील केसरी को जिला उपाध्यक्ष जैसे अहम पद की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील केसरी के द्वारा कडी मेहनत, लगन, परिश्रम और पार्टी के प्रति निष्टावान रूप से रात दिन काम करने के कारण इनका नाम जिले की तरफ से भेजा गया था जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस जी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले जी ने अपनी मुहर लगाई. सुनील केसरी को बहुत ही कम समय में जिला उपाध्यक्ष जैसे बडे. पद पर सुशोभित किया गया है। सुनील केसरी भारतीय जनता पार्टी मिरा भाईंदर शहर में सक्रिय कार्यकर्ता है, और पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोडऩे में अहम भूमिका निभाई है। मिरा भाईंदर शहर से लेकर महाराष्ट्र प्रदेश के सभी नेताओं में अपनी लगन, परिश्रम एवं जमीनी स्तर पर कार्य करने के कारण मजबूत पैठ बनाने वाले सुनील केसरी ने बहुत ही कम समय में जिले के साथ–साथ महाराष्ट्र प्रदेश में अपना नाम कमाया है . सुनील केसरी पिछले २३ सालों से भाजपा से जुडे हुए हैं और उम्मीद फाऊंडेशन एनजीओ के माध्यम से जन सेवा का कार्य करते रहते हैं, देश विदेश में भी भाजपा के अहम पदों पर नियुक्त किए जा चुके हैं। ओवरसीज फ्रेंड बीजेपी रसिया चैप्टर में भी सचिव के पद पर कार्य चूके है। रसिया के मास्को शहर में लंबे समय तक रहकर भारतीय समुदाय के बीच में इन्होंने जन सेवा और भाजपा पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया है। सुनील केसरी मृदुल् स्वाभाव,अटूट विश्वास, निष्टा और समर्पण से पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोडऩे से लेकर पार्टी को मजबूत करने के लिए रात दिन मेहनत करते रहते हैं।

भारतीय जनता पार्टी
-भाईंदर जिला)
स्वतः

मीरा भाईंदर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर : प्रदेश द्वारा दिये हुएँ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दिनांक १ ऑक्टोबर को जिल्हा स्तर पर भी स्वच्छता का व्यापक कार्यक्रम हमारे जिल्हा के प्रभारी एवम् महाराष्ट्र प्रदेश के स्वच्छता अभियान के प्रमुख श्री जय प्रकाश जी ठाकुर, युवा मोर्चा प्रभारी श्री. रवि तिवारी जी शहर के लाडले नेता श्री नरेंद्र जी मेहता एवम् जिल्हा अध्यक्ष श्री किशोर जी शर्मा के नेतृत्व मै आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे युवा महामंत्री रणवीर बाजपेई, महामंत्री रितेश शाह, युवा महामंत्री करनी चरण, युवा नेता विशाल पाटिल, महेंद्र ढिल्लोंड, बिपिन जैन,प्रकाश जैन, राजीब गुईन, संजय भानुशाली,गणेश मुर्गन, स्वरुप मुखर्जी,विकी तिवारी, सोहम शिरसाठ, सुनील शर्मा,हिमेश माच्छी, गुलाब पाल, चिराग मरोलिया, मंगेश मुळे एवं अन्य युवा नेता कार्यकर्तायों ने इस कार्यक्रम मै शामिल हो कर गाँधी जयंती के उपलक्ष मै उन्हें सच्ची श्रधांजलि देकर अपना कर्तव्य निभाया।

जनकल्याण सेवा की संपादक सीमा गुप्ता पूर्व आमदार नरेंद्र मेहता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए.

काशिमीरा में शिवशक्ती सेवा मंडल द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा के दर्शन करते जनकल्याण सेवा की संपादक सीमा गुप्ता

मोजेस चिन्नपा व उनकी पत्नी ने किया जनकल्याण सेवा की संपादक सीमा गुप्ता का सत्कार

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राजने परिवार ने पांच दिन की गणपति भगवान की स्थापना की गई. जिसका स्थानिय रहिवासियों ने दर्शन किए. व साथ में गौरी की स्थापना की गई. बता दे कि सचिन राजने व संध्या राजने ने बडे हर्षोल्लास के साथ गणपति बाप्पा की मुर्ती स्थापना की. इस अवसर राजने परिवार व आसपास के लोग उपस्थित थे.

STOP SMOKING
आदत नही ये अच्छी तू पहचान ले,
जानलेवा है धूम्रपान ये बात जान ले
केसर नहीं कैंसर का दम है दाने में,
ए मेरे दोस्त, छोड़ ये शौक, बात मान ले
MOSES CHINAPPA FOUNDATION (Regd.)
MAHARASHTRA POLICE BOYS ASSOCIATION
मोजेस चिनप्पा
समाजसेवक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI